>

Title: Request to give justice to the martyr Sushil Kumar Singh for their sacrifice.

श्री सुनील कुमार पिंटू (सीतामढ़ी): माननीय अध्यक्ष महोदय, आज देश की सभी माताएं, बहनें सदन की ओर, माननीय प्रधान मंत्री जी, गृह मंत्री जी और रक्षा मंत्री जी की ओर देख रही हैं, जिनके बेटे, भाई और पति आज देश की सुरक्षा में सीमा पर शहीद हो रहे हैं। उन लोगों की माँग है कि जो देश हमारे बेटे और भाइयों की निर्मम हत्या कर रहा है, उसे कि सी भी हालत में न बख्शा जाए।

महोदय, अभी कुछ दिन पूर्व की बात है, हमारे संसदीय क्षेत्र सीतामढ़ी के मेजरगंज के डुमरीकला के 23 वर्षीय सुशील कुमार सिंह को अनन्तनाग में आतंकवादियों ने गोली मारकर उसे शहीद कर दिया। उसकी शादी हुए मात्र आठ महीने ही हुए थे। उसके परिवार वाले, उसकी माता और उसकी पत्नी सदन की तरफ देख रही हैं कि उसे कब इंसाफ मिलेगा। सुशील कुमार सिंह जैसे कितने नौजवानों ने देश में कुर्बानी दी है।

हम सदन से यह मांग करते हैं कि उनकी इस कुर्बानी के लिए उन्हें इंसाफ मिले।

माननीय अध्यक्ष: श्री कुलदीप राय शर्माको श्री सुनील कुमार पिंटू के द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।